## बिहार विधान सभा वादवृत।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार विधान सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में सोमवार, तिथि १५ मार्च, १९५४ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

### भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ।

### OATH OF ALLEGIANCE TO THE CONSTITUTION OF INDIA.

निम्नलिखित सदस्य ने शपथ ली।

| सदस्य का नाम। | कंस्टीट्युएन्सी। |
|---|---|
| श्री यमुना प्रसाद सिंह .. .. .. | मढ़ौरा। |

---

### अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर।

### Short notice Questions and Answers.

#### NON-PAYMENT OF THE REMUNERATION.

70. Shri **RAMESH JHA**: Will the Minister in charge of the Revenue Department be pleased to state—

(*a*) whether it is a fact that the typist-copyists of both Supaul and Madhipura Subdivisions have not been paid their remunerations for the last six months;

(*b*) whether it is a fact that the typist-copyists represented the hardship caused to them on account of non-payment of the remuneration to the Commissioner, Bhagalpur Division in the month of November, 1953;

(*c*) whether it is a fact that the Additional District Magistrate, Saharsa wrote to Government in the month of September, 1953, for extra allotment of funds;

(*d*) whether it is a fact that the non-payment of the remuneration is due to paucity of funds at the disposal of the district authorities;

(*e*) if the answers to clauses (*a*) to (*d*) be in the affirmative, what steps have Government taken or propose to take to alleviate the hardship of the poor typist-copyists on this account?

श्री अनाथ कान्त बसु—किन-किन सड़कों के प्रान्तीयकरण के लिए सरकार विचार कर रही है ?

श्री मुहम्मद शफी—सभी सड़कें जेरे तजवीज हैं इसलिए अभी किसी का नाम नहीं बतलाया जा सकता है।

---

जमुआ से डोमचांच तक खराब सड़क।

*१०१८। श्री पुनीत राय—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि कोडरमा से गिरीडीह तक जाने वाली सड़क पर प्रतिदिन अनेकों गाड़ियां जाती हैं ;

(ख) क्या यह बात सही है कि जमुआ से डोमचांच तक रोड खराब हो गयी है ;

(ग) क्या यह बात सही है कि इस रोड को अति शीघ्र पीच रोड कर देने की आवश्यकता है, यदि हां, तो सरकार इस रोड को कब तक पीच रोड करने का विचार करती है ?

श्री मुहम्मद शफी—(क) उत्तर हां है।

(ख) उत्तर ना है।

(ग) कोडरमा से जमुआ ४२ मील है जिस पर डोमचांच पड़ता है। साढ़े छः मील तक सड़क कच्ची से पीच कर दी गयी है और बाकी को पीच और मरम्मत करने का काम विचाराधीन है।

---

संथाल परगना जिलान्तर्गत दुमका सबडिवीजन के सिविल सर्जन द्वारा कटे हुए वृक्षों को अपने काम में लाया जाना।

*१०१९। श्री विलियम हेमब्रोम—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि संथाल परगना जिला दुमका सबडिवीजन के सिविल सर्जन के कम्पाउन्ड में सागवान १२ और आम १ (जोड़ १३) पेड़ काटे गये हैं ;

(ख) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन ने उसे खुद अपने काम में लगाया है ; क्या उन्होंने डिपार्टमेंट से खरीदा है, यदि नहीं तो लगाने का कारण क्या है ?

श्री मुहम्मद शफी—(क) सरकार को इसकी जानकारी हासिल करने की जरूरत नहीं है क्योंकि संथाल परगना के सिविल सर्जन का मकान सरकार ने एक लोकल जमीन्दार से बन्दोबस्त लिया था। सरकार को सिर्फ मकान से ही सरोकार है। पेड़ को काटकर किसी काम में लाने का अख्तियार जमीन्दार को है।

(ख) ऊपर कही गयी बातों के बाद सरकार इसकी जरूरत नहीं समझती है।